मीडिया विज्ञप्ति

ईडीआइआई ने 27 विकासशील देशों के 71 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों को उद्यमिता प्रशिक्षण प्रदान किया

- *समापन समारोह में वितरित किए गए प्रमाण पत्र*

अहमदाबाद, 19 जनवरी, 2024: भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) द्वारा आयोजित एक समापन समारोह में 27 विकासशील देशों के 71 विदेशी पेशेवरों को शुक्रवार को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) प्रभाग द्वारा प्रायोजित तीन कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम-- 'बुनियादी ढांचा और सतत परियोजना तैयारी, मूल्यांकन और अनौपचारिक क्षेत्र उद्यम', 'उद्यमिता शिक्षा, ज्ञान प्रबंधन और नीति अनुसंधान'और 'इनोवेशन और इनक्यूबेशन के माध्यम से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में स्टार्टअप को बढ़ावा'- का समापन समारोह शुक्रवार को ईडीआईआई में संपन्न हुआ।

पेशेवर बांग्लादेश, भूटान, डोमिनिकन गणराज्य, इथियोपिया, फिजी, घाना, कजाकिस्तान, केन्या, मेडागास्कर, मलेशिया, मालदीव, मॉरिटानिया, मॉरीशस, मोजाम्बिक, म्यांमार, नाइजर, नाइजीरिया, पापुआ न्यू गिनी, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण सूडान, श्रीलंका, ताजिकिस्तान, तंजानिया, टोगो, तुर्कमेनिस्तान, युगांडा और जिम्बाब्वे जैसे विकासशील देशों से थे।

समापन समारोह की मुख्य अतिथि अभिलाषा जोशी, अतिरिक्त सचिव [डीपीए-II और IV], विदेश मंत्रालय, भारत सरकार थीं। इस अवसर पर ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला भी उपस्थित थे।

कैपेसिटी बिल्डिंग के तीन प्रोग्राम 1 से 19 जनवरी 2024 तक आयोजित किए गए थे।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अभिलाषा जोशी ने कहा, 'भारत में ज्ञान साझा करने और शिक्षा और सीखने पर ध्यान केंद्रित करने की एक लंबी परंपरा रही है। हम वसुधैव कुटुंबकम के अपने सभ्यतागत लोकाचार को बहुत महत्व देते हैं, जिसका अर्थ है कि 'दुनिया एक परिवार है'और इसी से प्रेरित होकर, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारे मेहमानों की हर संभव तरीके से देखभाल की जाए। विदेश मंत्रालय के आईटीईसी के तहत कैपेसिटी बिल्डिंग के प्रोग्राम वक्त की मांग है और अत्यधिक प्रासंगिक हैं, साथ ही यह दक्षिण-दक्षिण सहयोग यानी विकासशील देशों के बीच सहयोग भी है। मैंने इन कार्यक्रमों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को भी देखा है जो फिर से महिला नेतृत्व वाले विकास की दिशा में एक आशाजनक संकेत है।'जोशी ने प्रतिभागियों से देश के कल्याण के लिए सीखे गए सबक को अपने देश व और संगठन में लागू करने का आग्रह किया।

डॉ. सुनील शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा,'दुनिया भर के 160 से अधिक देशों को मदद की पेशकश करने की सरकार की प्रतिबद्धता अद्वितीय है। जहां तीनों प्रोग्राम के प्रतिभागियों ने विषय-संबंधित कौशल सीखा, वहीं उन्हें यह देखने का भी मौका मिला कि देश और गुजरात राज्य में आर्थिक विकास, बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्टार्टअप और सामाजिक विकास को कैसे प्राथमिकता दी

जाती है। मुझे यकीन है कि अनुभव अच्छा रहा है और इसका समाज के कई स्तरों को लाभ मिलेगा। इसलिए, मैं प्रतिभागियों से अनुरोध करता हूं कि वे इस सीख को अपने देश में फैलाएं।'

प्रोग्राम'**उद्यमिता शिक्षा, ज्ञान प्रबंधन और नीति अनुसंधान**'का उद्देश्य प्रतिभागियों को देश में अनुकूलित और आवश्यकता-आधारित उद्यमिता शिक्षा नीतियों, रणनीतियों और कार्यक्रमों को तैयार करने में सक्षम बनाना था। इस प्रोग्राम के कार्यक्रम निदेशक डॉ. पंकज भारती थे। इसमें 18 देशों के 28 प्रतिभागी शामिल हुए।

प्रोग्राम '**बुनियादी ढांचा और सतत परियोजना तैयारी, मूल्यांकन और अनौपचारिक क्षेत्र उद्यम**'का उद्देश्य परियोजना की तैयारी और मूल्यांकन तकनीकों, औद्योगिक, बुनियादी ढांचे और टिकाऊ अवसरों के क्षेत्रों में निर्णय लेने की प्रक्रिया के क्षेत्र में अधिकारियों के ज्ञान में सुधार करते हुए उन्हें अपडेट करना था। जिससे व्यवहार्यताऔर रिटर्न में सुधार हो, प्रभावी निवेश निर्णय लिए जा सकें। डॉ. अमित कुमार द्विवेदी इस प्रोग्राम के कार्यक्रम निदेशक थे। इसमें 10 देशों के 17 प्रतिभागी शामिल हुए।

प्रोग्राम '**इनोवेशन और इनक्यूबेशन के माध्यम से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में स्टार्टअप को बढ़ावा**'प्रोग्राम ऊष्मायन केंद्रों की स्थापना और समर्थन के माध्यम से विकासशील देशों में स्टार्टअप आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए पेशेवरों का एक कैडर तैयार करने के लिए डिजाइन किया गया था। डॉ. सत्य रंजन आचार्य इस प्रोग्राम के कार्यक्रम निदेशक थे। इसमें 16 देशों के 26 प्रतिभागी शामिल हुए।

प्रतिभागियों ने व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया और एक्सपोजर विजिट करते हुए सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक पहलुओं से जोड़ने का अवसर भी पाया।

About Entrepreneurship Development Institute of India (EDII)

The Entrepreneurship Development Institute of India (EDII), Ahmedabad was set up in 1983 as an autonomous and not-for-profit Institute with support of apex financial institutions - the IDBI Bank Ltd., IFCI Ltd., ICICI Bank Ltd. and State Bank of India (SBI). The Government of Gujarat pledged twenty-three acres of land on which stands the majestic and sprawling EDII Campus. EDII has been recognized as the CENTRE OF EXCELLENCE by the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship, Govt. of India. The Institute has also been listed as the Institute of National Importance by the Education Department, Govt. of Gujarat. EDII operates across the country through its seven regional offices and PAN India project offices. It has international affiliates in Cambodia, Laos, Myanmar Vietnam, Uzbekistan and Rwanda. For more information visit: www.ediindia.org

For more information, contact:

Nirupam Banerjee, Adfactors PR: 9825984727
Hiral Oza, Adfactors PR: 7043901987